**विभाग द्वारा लिखा गया पत्र सामने आने से हड़कंप**

# दोनों इंजन खराब थे फिर भी चलाया जा रहा था क्रूज



**जबलपुर।** गत 30 अप्रैल को बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे के बाद अब एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है जिसमें पर्यटन विभाग के कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए और अब तक किए तमाम दावों की पोल खोल दी है। विभाग के अंदर एक गोपनीय पत्र सामने आया है। जिसके बाद हड़कंप मच गया। इस पत्र को सच माना जाए तो क्रूज दुर्घटना पर्यटन विभाग की लापरवाही का जीता जागता उदाहरण है। इस मामले में मुख्य आरोपी बनाए गए चालक महेश पटेल का वह बयान सच साबित हुआ है जिसमें उसने तकनीकी खराबी की बात कही थी। दरअसल मैकल सुता रिसोर्ट के प्रबंधक ने क्षेत्रीय कार्यालय को पहले ही खतरे से आगाह कर दिया था। पत्रों के माध्यम से स्पष्ट रूप से बताया गया था कि क्रूज के इंजन पूरी तरह कंडम हो चुके हैं, और क्रूज में लगे इंजन सन 2006-07 के है लिहाजा उनकी निर्धारित उम्र पूरी हो चुकी थी और सालों से खराब इंजन से क्रूज चलाया जा रहा था और पर्यटकों की जिंदगी दांव पर लगा दी। विभाग ने यह पत्र 1 मार्च 2026 को क्षेत्रीय कार्यालय को भेजा था। पत्राचार में साफ लिखा था कि इंजनों की कार्यक्षमता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है और ये किसी भी वक्त बीच पानी में बंद होकर बड़ा खतरा पैदा कर सकते हैं।

### सुधरने लायक नहीं थे इंजन

तकनीकी विशेषज्ञों की जांच में यह तथ्य भी सामने आया था कि रेवा क्रूज को 14 जनवरी 2025 से ही संचालन से बाहर कर दिया गया था क्योंकि वह सुधारने लायक नहीं बची थी। उसके इंजन इतने पुराने थे कि अब बाजार में उनके स्पेयर पार्ट्स मिलना भी बंद हो गए थे। ऐसी स्थिति में इंजनों को बदलना ही एकमात्र विकल्प था। इसके बाद भी विभाग ने मैकल सुता क्रूज संचालन में भारी कोताही बरती।

### धक्का परेड की स्थिति भी बनी

क्रूज के इंजन खराब होने से कई बार क्रूज को किनारे लगाने और पानी में चलाने के दौरान कई मर्तबा स्टॉप बोट का सहारा लेना पड़ा। एक इंजन अक्सर चालू नहीं होता था। मैकल सुता रिसोर्ट के प्रबंधक ने पत्र क्रमांक 45, 108 और 169 के जरिए जबलपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय को बार-बार स्थिति से अवगत कराया था। इन पत्रों में स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि इंजनों की मरम्मत अब संभव नहीं है और इन्हें तुरंत बदलना जरूरी है। आश्चर्य की बात यह है कि इन गंभीर चेतावनियों के बाद भी जबलपुर में बैठे अधिकारियों ने इसे नजरअंदाज किया और क्रूज का संचालन बदस्तूर जारी रहा, जिसके परिणामस्वरुप इतना बड़ा हादसा सामने आया।

**गर्मी का प्रकोप : अस्पतालों में लगा मरीजों का तांता**

# डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मरीज बढ़े

**जबलपुर।** शहर में गर्मी ने अब खतरनाक रूप लेना शुरू कर दिया है। बुधवार को सुबह 11:30 बजे ही तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि दोपहर बाद इसके 44 डिग्री तक चला गया। तेज धूप, गर्म हवाएं और उमस भरे मौसम ने आमजन का जनजीवन प्रभावित कर दिया है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक और अधिक भीषण गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की है। लगातार बढ़ते तापमान का असर अब लोगों की सेहत पर भी साफ दिखाई देने लगा है। शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों में डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त, चक्कर आना, कमजोरी और हीट स्ट्रोक जैसे मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। चिकित्सकों का कहना है कि तेज धूप और लू के कारण सबसे ज्यादा खतरा बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार लोगों को है। दोपहर के समय बाहर निकलने वाले मजदूर, ट्रैफिक पुलिसकर्मी, डिलीवरी बॉय और खुले में काम करने वाले लोग भी गंभीर जोखिम में हैं।

### हीट स्ट्रोक बन सकता है जानलेवा

मेडिकल विशेषज्ञों के अनुसार लगातार पसीना निकलने से शरीर में पानी और नमक की कमी होने लगती है, जिससे डिहाइड्रेशन की समस्या बढ़ती है। यदि समय रहते शरीर को पर्याप्त पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स नहीं मिलते, तो व्यक्ति हीट एक्सॉशन या हीट स्ट्रोक का शिकार हो सकता है। डॉक्टरों का कहना है कि हीट स्ट्रोक की स्थिति में शरीर का तापमान तेजी से बढ़ जाता है और मरीज बेहोश भी हो सकता है। समय पर उपचार नहीं मिलने पर यह स्थिति जानलेवा साबित हो सकती है।



### बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा खतरा

विशेषज्ञों ने बताया कि छोटे बच्चों और बुजुर्गों का शरीर अत्यधिक तापमान को जल्दी सहन नहीं कर पाता। ऐसे में उन्हें बार-बार पानी पिलाना और धूप से बचाना बेहद जरूरी है। इधर स्कूल जाने वाले बच्चों को लेकर भी अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। सुबह के समय ही तेज गर्मी होने से बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टरों ने बच्चों को हल्के सूती कपड़े पहनाने और घर से पानी की बोतल लेकर निकलने की सलाह दी है।

### डॉक्टरों ने दी सावधानी बरतने की सलाह

चिकित्सकों ने लोगों को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि बाहर जाना जरूरी हो तो सिर और कान को सफेद या हल्के रंग के कपड़े से ढंककर निकलें। विशेषज्ञों ने कहा है कि लगातार पानी, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करते रहना चाहिए। खाली पेट धूप में निकलने से भी बचना जरूरी है।

### अगले दो दिन और बढ़ सकती है गर्मी

मौसम विभाग ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दो दिनों तक गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। डॉप्लर रडार और अन्य मौसम उपकरण भी अत्यधिक गर्मी के संकेत दे रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सकों ने लोगों से सतर्क रहने और लू के लक्षण दिखते ही तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेने की अपील की है।

## रांझी में सनसनी, मृतक अज्ञात युवक की लाश मिली, हत्या की आशंका

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत बापू नगर खेरमाई मंदिर के पास जंगल में बुधवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुनसान जगह पर पेड़ के नीचे शव पड़े होने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर रांझी थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा जांच शुरू की। पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास कर रही है।

### शव पर मिले चोट के निशान



पुलिस जांच के दौरान मृतक की पीठ पर चोट के कुछ निशान भी पाए गए हैं। ऐसे में मामला केवल सामान्य मौत का नहीं माना जा रहा है। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि युवक के साथ मारपीट की गई थी या फिर उसकी मौत किसी अन्य कारण से हुई। फिलहाल हत्या की आशंका गहरा रही है। रहवासियों का कहना है कि जंगल और सुनसान इलाकों में अक्सर संदिग्ध लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। ऐसे में युवक का शव मिलने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सुअरमार बम सहित 2 आरोपी पकडे गये

**जबलपुर।** माढ़ोताल पुलिस ने पाटन बायपास पवन ढाबा के आगे सुअरमार बम लेकर घूम रहे बाईक सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उसके पास से दो सुअरमार बम एवं बाईक जब्त की है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस मुखबिर की सूचना पर पाटन बायपास पवन ढाबा के आगे बाईक क्रमांक एमपी 20 एनआर 0918 में सुअरमार बम लेकर घूम रहे लार्डगंज निवासी 24 वर्षीय अमित रजक और ग्राम पौड़ी बेलखाडू कटंगी निवासी 19 वर्षीय अभिषेक भूमिया को गिरफ्तार कर उनके पास से दो सुअरमार बम एवं मोटर सायकिल जब्त कर दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 5 विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

**माढ़ोताल में वारदात, धमकी देकर नगदी व जेवर लूटे**

## छलपूर्वक वृद्धा को सूनसान जगह ले जाकर लूटा

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत करमेता में बिजली बिल जमा करने के बाद मेन रोड पर आटो का इंतजार कर रही आंखों से कमजोर 75 वर्षीय वृद्धा को लुटेरो ने नयाब अंदाज में अपना शिकार बनाया। बदमाशों ने बोला अम्मा आपको हमारी मम्मी बुला रही है, वृद्ध ने कहा यही बुला दो मम्मी को मुझे दिखता नही है, इसके बाद दो अज्ञात बदमाशों ने वृद्धा से कहा कि थोड़ा आगे चलो, वह आपको पहचानती है और बाईक में बैठाकर कटनी बायपास ले गए, जहां पर उसके सोने चांदी के जेवर और 15 हजार रुपए नगदी लूट लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और डकैती का मामला दर्ज कर लिया है।

माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सूखा हवाघर चौधरी मोहल्ला माढ़ोताल निवासी 75 वर्षीय श्रीमति रुकिया बाई चौधरी गत सुबह लगभग 11 बजे अपने घर ग्राम सूखा से घर का बिजली का बिल जमा करने बिजली आफिस पाटन रोड करमेता आई थी बिजली बिल जमा करने के बाद वह आटो की तलाश में बिजली आफिस के सामने मेन रोड में आकर खड़ी हुयी तभी एक मोटर सायकल से दो अज्ञात लड़के आये और उससे बोले की माताराम आपको हमारी मम्मी बुला रही है तो उसने कहा कि तुम्हारी मम्मी कहां है उन्हें यहीं ले आओ तो वो उससे बोले कि थोड़ी आगे चलो वे तुम्हे जानती हैं हम मिलवा देंगे उसे लगा कि उसके कोई रिश्तेदार होगें, क्योंकि उसे कम दिखाई देता है तो वह उनके साथ उनकी मोटर सायकल में बैठ गयी दोनों लडके उसे धोखे में रखकर छलपूर्वक कटनी नागपुर राजमार्ग की तरफ ले गये और उसे पाटन वायपास रोड किनारे सूनसान जगह पर ले गए जहां पर दोनों ने जान से मारने की धमकी देते हुए सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल एक जोड़ी वजनी 6 तोला, चांदी की चूड़ी वजनी 5 तोला , पर्स में रखी नातिन की छोटी पायल, चांदी की चेन ओर नगदी 15 हजार रुपए लूट कर ले गए और उसे वहीं छोड़कर भाग गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 318(4), 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## अवैध उत्खनन की रेत से भरा डंपर जब्त

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना अतंर्गत दुर्गानगर में अवैध रुप से चोरी की रेत हाईवा में परिवहन कर ले जा रहे एक हाईवा चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर रेत से भरा हाईवा जब्त किया है। गौरीघाट थाना प्रभारी हरिकिशन आटनेरे ने बताया कि गत दिवस एक हाईवा क्रमांक एमपी 20 एचबी 8991 में चोरी की रेत हाईवा में भरकर भटौली गौरीघाट से होते हुए बिग बाजार की ओर जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर दुर्गानगर पहुंची पुलिस ने विसर्जन कुण्ड के पास गौरीघाट में हाईवा चालक ग्राम गांजर थाना पनागर निवासी 38 वर्षीय राकेश ठाकुर को गिरफ्तार किया, उसके पास रेत की रायल्टी के कोई दस्तावेज नहीं थे। हाईवा चालक ने बताय कि वाहन मालिक वकील यादव के कहने पर बेलखाडू से रेत लाकर यहां पहुंचा रहा था। पुलिस ने हाईवा चालक एवं हाईवा मालिक के विरूद्ध धारा 303(2), 317(5), 3(5) बीएनएस तथा 21(4) खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।



**रैली में गणमान्य नागरिकों के अलावा अध्यक्ष रिंकू विज, एमआईसी सदस्यगण, पार्षद और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार भी हाथों में स्वच्छता संदेश लेकर चले**

## महापौर की अगुवाई में विशाल जनजागरूकता रैली संपन्न

# स्वच्छता का संदेश लेकर सड़कों पर उतरे संस्कारधानी के नागरिक



जबलपुर। शहर को स्वच्छता के पहले पायदान पर पहुँचाने और नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा एक भव्य 'स्वच्छता जनजागरूकता रैली' का आयोजन किया गया। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में जनभागीदारी का एक अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला, जहाँ सैकड़ों स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और निगम कर्मियों ने कदम से कदम मिलाकर 'स्वच्छ जबलपुर-श्रेष्ठ जबलपुर' का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, सभी एम आई सी के सदस्यगण पार्षद और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने भी हाथों में स्वच्छता का संदेश देते हुए टीम के सदस्यों का उत्साह बर्धन किया।

### रैली का मार्ग और उत्साह

रैली का शुभारंभ सिविल लाइन चौक से हुआ। हाथों में स्वच्छता के संदेश वाली तख्तियाँ और जुबां पर जागरूकता के नारे लिए उत्साह का सैलाब शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा। इस दौरान महापौर और अन्य जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अपील की कि वे कचरा सिर्फ डस्टबिन में ही डालें और अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। रैली का समापन अंबेडकर चौक पर हुआ।

### महापुरुषों को नमन और पुष्पांजलि

रैली के समापन अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अमर वीर शहीद जनजातीय नायक राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह तथा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर ही हम एक स्वस्थ और विकसित समाज का निर्माण कर सकते हैं।

### गरिमामयी उपस्थिति

इस अभियान में नगर के सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें निगम अध्यक्ष रिंकू विज, एम आई सी सदस्य सदस्य श्रीमती रजनी कैलाश साहू, डॉ. सुभाष तिवारी, विवेक राम सोनकर, दामोदर सोनी, श्रीमती अंशुल राघवेंद्र, पार्षदगण कमलेश अग्रवाल, श्याम कन्नौजिया, विमल राय, निशा संजय राठौर, अविनाश चमकेल, श्रीमती कविता कवार,अख्तर अंसारी, निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, मनोज श्रीवास्तव, श्रीमती अंजू सिंह एवं अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी रहे। महापौर ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक संस्कार है। जब शहर का हर नागरिक इसे अपनी जिम्मेदारी समझेगा, तभी हमारी संस्कारधानी स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आएगी। उन्होंने कहा कि यह रैली न केवल एक आयोजन रही, बल्कि इसने शहरवासियों में स्वच्छता के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार किया। निगम प्रशासन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और सम्माननीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया है।

# जीआरपी ने किया खानाबदोश आरोपी महिला से चोरी का मशरूका बरामद



जबलपुर। फरियादिया खूशबू चक्रवर्ती निवासी ग्राम बंधी थाना स्लीमनाबाद जिला कटनी की ट्रेन नं. 61618 के जनरल कोच में स्लीमनाबाद से जबलपुर की यात्रा कर रही थी। यात्रा के दौरान जब ट्रेन छूटने के बाद देखी कि हाथ में पहने हुये चाँदी के दो नग कड़े नहीं थे फरियादी की आशंका थी कि ट्रेन में चढ़ते समय महिला जो काले रंग के सलवार सूट पहने हुये धक्का दे रही थी उसी महिला ने चाँदी के कड़े चोरी किये हैं। फरियादी की सूचना पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित कर मामले के माल-मुल्जिम पतारसी हेतु टीम को पाबंद किया जो दिनांक 12/5/26 को रेलवे स्टेशन जबलपुर प्लेटफार्म नं. 1 के इटारसी छोर पर फरियादिया के बताये हुलिये की महिला दिखी जो पुलिस को देखकर जाने लगी जिसे हमराह स्टाफ व म.आर. की मदद से रोका गया तथा स्टेशन आने का कारण पूछने पर गोल-मोल जवाब देने लगी कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया, नाम-पता पूछने पर बड़ी मुश्किल से अपना नाम रेशमा महावत पति राजू महावत उम्र 25 वर्ष नि. मुलीगंज थाना बाराबंकी जिला लखनऊ (उ.प्र.) की रहने वाली बताई, पूछताछ पर कल ट्रेन 61618 कटनी इटारसी लोकल ट्रेन में भीड़भाड़ में एक महिला के हाथ से चांदी के दो कड़े रेलवे स्टेशन स्लीमनाबाद में चोरी कर लेने की घटना स्वीकार की तथा अपने पहने हुये सलवार की जेब से चांदी जैसी धातु के दो कड़े वजनी लगभग 35 ग्राम कीमती 8750 रूपये का निकालकर पेश किया जो अपराध का मशरूका पाये जाने से मौके पर वैधानिक कार्यवाही की गई। आरोपी महिला रेशमा महावत को गिरफ्तारी का विधिवत कारण बताकर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# सांसद आशीष दुबे का ग्रांम पंचायतों में सघन दौरा अभियान

## झांसी में किया रंगमंच का लोकार्पण



सिहोरा। सांसद आशीष दुबे लोकसभा क्षेत्र की ग्रामीण विधानसभा में लगातार दौरा कर ग्रामीणों की समस्यायों को सुनने के साथ अनेक विकास कार्यों के लोकार्पण एंव भूमिपूजन कर विकास की सौगात दे रहे हैं उनके साथ सभी विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहते हैं जो समस्याओं का तत्काल निराकरण भी करते हैं। इसी कड़ी में सांसद दुबे ने विधायक संतोष बरकडे के साथ बुधवार को विधानसभा सिहोरा की ग्राम पंचायत गांधीग्राम से दौरा प्रारम्भ किया जो ग्राम पंचायत बेला, टिकरिया,रानीताल, झांसी, सिलुआ, पौडीकला,पौडीखुर्द, घुटना, खजरी, गोलपुर, कछपुरा, घुघरी से होकर जुझारी में संपन्न हुआ। इस दौरान विधायक बरकडे एंव सांसद दुबे ने दर्जनों विकास कार्यो का लोकार्पण किया एंव निर्माण हेतु राशी स्वीकृत की।जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत झांसी पहुंचने पर सरपंच भावना प्रिंस उपाध्याय ने उनका भव्य स्वागत किया ग्राम में सामूहिक कार्यक्रमों के लिए आवश्यक करीब 3.50 लाख की लागत से बने रंगमंच निर्माण का लोकार्पण कर ग्राम में सीसी रोड निर्माण हेतु 2.50 लाख की राशि स्वीकृत करने की। इस अवसर पर रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत अध्यक्ष,भाजपा जिला महामंत्री राजेश दाहिया, जिला उपाध्यक्ष अनुपम सराफ,पुष्पराज बघेल,किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री राजमणि सिंह बघेल,नीलू बाजपेयी,आशीष पटेल,जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनंत नौगरहिया, अंकित तिवारी, सरपंच संघ अध्यक्ष के के दुबे,अलका गर्ग, कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग अनिल तिवारी,सचिव अरविंद यादव,अभिषेक पटेल सहित अनेक विभागों के अधिकारी एंव भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के विरोध में बसपा ने किया प्रदर्शन

## पुलिस अधीक्षक से की तत्काल कार्यवाही की मांग



जबलपुर। बहुजन समाज पार्टी ने जिले में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के विरोध में डॉ. आम्बेडकर चौक से रैली निकालकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर तत्काल कार्यवाही की मांग की। बताया गया तीन दिन पूर्व घमापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत घरों में झाड़-पोछा का कार्य कर जीवन यापन करने वाली आरती चौधरी की निर्मम हत्या कर दी गई। इस मामले में पीड़ित पति कन्हैया चौधरी को हत्या के दूरे दिन पूर्वान्ह 11 बजे से शाम 05 बजे तक घमापुर थाना एसआई एवं थाना प्रभारी दिनेश गौतम द्वारा अपराधी जैसा व्यवहार कर बैठाये रखा गया। इसके अलावा दिसम्बर 2024 में हीराबाई चौधरी की शहपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत घंसौर ग्राम में हत्या कर दी गई, जिसमें शहपुरा पुलिस द्वारा डेढ़ साल बाद भी हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया। पनागर थाना में बसपा कार्यकर्ता मनोज चौधरी के घर पत्थरबाजी करने वालों को पनागर पुलिस आरोपियों के कहने पर झूठा मामला बनाकर घर से ले गई, वहीं छोड़ने के लिए पैसों की मांग की गई। इसी तरह भेड़ाघाट थाना शिल्पी नगर के जीवन अहिरवार पर विरोधियों द्वारा मुकदमा वापस लेने लगातार दबाव बनाया जा रहा है और धमकाया जा रहा है। सिहोरा थाना मझगवां ग्राम के दसवीं कक्षा में अध्ययनरत नाबालिग बालक पर पड़ोसियों द्वारा दो-तीन बार हत्या करने की नीयत से हमला किया गया जिसकी शिकायत थाना सिहोरा में की गई, लेकिन एसआई बागरे ने पैसा लेकर मामले में कार्यवाही नहीं की। बसपा जिलाध्यक्ष लखन अहिरवार ने कहा कि जबलपुर जिले के हर थानों में दलित आदिवासियों पर आपराधिक घटनाएं बढ़ रहीं हैं और पुलिस हाथ पर हाथ रखकर बैठी है। पुलिस लापरवाही करती है और जानबूझकर पीड़ित पक्ष पर ही मुकदमा दर्ज कर लेती है। आरती चौधरी सहित सभी प्रकरणों में तत्काल संज्ञान लेकर कार्यवाही की जाए।

प्रदर्शन में बसपा के पूर्व पार्षद शरण चौधरी, एड. सुजीत मयंक चौधरी, दिनेश कुशवाहा, भोलेशंकर, प्रकाश गौतेल, रामसेवक बिरहा, एड. रामराज, राजमणि साकेत, मुन्ना सतनामी, शेखर चौधरी, शिवप्रकाश, गेंदालाल, विजय भोरेल, दिलीपचंद, महेन्द्र वंशकार, सचिन वंशकार, शांति, रानी, मनीषा, आरती, सोनिया, शिवचरण चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत जबलपुर संभाग में होगा मेगा जॉब फेयर का आयोजन**

**डॉ. मनोज कुमार सिंह, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी ने दी जानकारी**

# मेगा जॉब फेयर का आयोजन प्रस्तावित



जबलपुर। एईडीपी पाठ्यक्रम, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं अकादमी तथा भारतीय ज्ञान परंपरा जबलपुर संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक 12 मई 2026 को शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के सभागृह में आयोजित की गई। डॉ. मनोज कुमार सिंह, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन भोपाल एवं निदेशक, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के मुख्य आतिथ्य तथा अतिरिक्त संचालक, जबलपुर संभाग, जबलपुर डॉ. पंजाबराव चंदेलकर की अध्यक्षता एवं प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर तथा डॉ. शिखा सक्सेना, प्राचार्य शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर की उपस्थिति में आयोजित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में समस्त प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस एवं शासकीय अग्रणी महाविद्यालय जबलपुर संभाग, शासकीय अग्रणी महाविद्यालय के एईडीपी पाठ्यक्रम जिला नोडल अधिकारी एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल अधिकारी, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी अधिकारी, कार्यालय अतिरिक्त संचालक जबलपुर संभाग जबलपुर की सहभागिता रही। समीक्षा बैठक में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना की कार्यशालाओं, सेमिनार का आयोजन, स्थानीय संस्थाओं के साथ एमओयू, एईडीपी के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा, श्रेष्ठ प्रथाओं (बेस्ट प्रैक्टिसेज) को साझा करना, शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया जिसमें प्रवेश छात्रों का नामांकन और परामर्श तथा कार्यक्रम का क्रियान्वयन सम्मिलित है एवं अप्रेंटिसशिप अवसरों हेतु स्थानीय उद्योगों का मानचित्रण करना बैठक की कार्यसूची के विषय रहे।स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत जबलपुर संभाग में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। डिंडौरी जिले में जनजातीय कला कौशल केंद्र की स्थापना, पोस्ट नेटल केयर पाठ्यक्रम, बांस से वस्त्र निर्माण, संतरे और उसके छिलकों से सौंदर्य प्रसाधन का निर्माण, फ्री लांसर, आयुध निर्माण, सिंघाडे की प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना जैसे नवाचार एवं रोजगारपरक विषयों के लिए प्रस्ताव रखे गये। एईडीपी पाठ्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विभिन्न संस्थाओं और उद्योगों से एमओयू करके एईडीपी पाठ्यक्रम से विद्यार्थियों को सीधे इंडस्ट्रीज एवं फर्म से जुड़कर कार्य करने और अर्न करने का अवसर मिलेगा। डॉ. पंजाबराव चंदेलकर अतिरिक्त संचालक एवं प्रो. अरुण शुक्ल द्वारा डॉ. मनोज कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। बैठक में डॉ. सुनील वाजपेयी, डॉ. चित्रा प्रभात, डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, डॉ. पी.एन. सनेसर, डॉ. अंकिता बोहरे, डॉ. समीर शुक्ला, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. रवि सिंह, डॉ. बी.डी. कोष्टी, डॉ. शिवानी शिवहरे ने अपने विचार रखे।



## पाण्डुताल मैदान में नवोदित हॉकी खिलाड़ी खेल के साथ इतिहास की जानकारी से हो रहे अवगत

जबलपुर। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में पाण्डुताल मैदान में आयोजित ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण में नवोदित हॉकी खिलाड़ी खेल की बारीकियों के साथ विश्व, देश व जबलपुर नगर के हॉकी इतिहास की जानकारी भी प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान में हॉकी प्रशिक्षण शिविर सुबह के सत्र में पूरे उत्साह के साथ संचालित हो रहा है। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पाण्डुताल मैदान की हॉकी नर्सरी की विशिष्ट पहचान नगर में कायम हो चुकी है। इस बार के ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण में लड़कियों ने भी विशेष रूचि दिखाई है।प्रशिक्षण शिविर में प्रातः 6.00 से 8.30 बजे तक 20 नवोदित हॉकी खिलाड़ियों के साथ नियमित खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर में छह लड़कियों ने भी उत्साह से अपनी सहभागिता दिखाई है। शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को भारतीय व यूरोपीय हॉकी शैली में समन्वय स्थापित कर तकनीकी रूप से ड्रिबलिंग, हिट, पुश, सही स्टापिंग का अभ्यास कराया जा रहा है, वहीं शारीरिक व्यायाम एवं लाइट वेट लिफ्टिंग के माध्यम से उन्हें फिट किया जा रहा है। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रविष्ट हुई लड़कियों का कहना है कि महिला हॉकी में नगर की अविनाश सिद्धू और मधु यादव सहित अन्य कई महिला हॉकी खिलाड़ियों के योगदान व उनकी प्रसिद्धि को देखकर उन्होंने भी हॉकी में अपनी संभावनाएं देखी हैं। प्रशिक्षण शिविर में विशेष रूप से अनुशासन एवं खेल नियम के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की जा रही है। शिविर के संचालन में हॉकी प्रभारी संजय केने व शकील आफरीदी सहित अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। उल्लेखनीय है कि पाण्डुताल मैदान से पिछले वर्षों में प्रशिक्षण प्राप्त हॉकी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय शॉलेय, राष्ट्रीय सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर हॉकी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व कर नाम कमाया है। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम ने शिविर का निरीक्षण कर सभी प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों का उत्साहवर्द्धन कर प्रोत्साहित किया।

## संभागीय स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग, इनक्लाइन बेंचप्रेस चयन ट्रायल संपन्न

### जबलपुर संभाग टीम घोषित

जबलपुर। श्री जानकीरमण महाविद्यालय में स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग एवं इनक्लाइन बेंच प्रेस प्रतियोगिता चयन ट्रायल संपन्न हुई जिसमें महिला, पुरुष खिलाड़ियों ने अपनी शक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संभाग टीम में अपनी जगह बनाई। पारितोषक वितरण मुख्य अतिथि डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, प्राचार्य जानकीरमण महाविद्यालय, चेयरमेन शरद भाई पालन, डॉ. प्रशांत मिश्रा, शिवम यादव एवं सतीश यादव ने किया। संचालन सावित्री यादव ने किया। प्रतियोगिता में स्ट्रांग वूमेन का खिताब महिला वर्ग में धनुश्री एवं इनक्लाइन बेंच प्रेस में आकृति विश्वकर्मा ने जीता। पुरुष वर्ग में सब जूनियर स्ट्रांग मेन यश पटेल, सीनियर में तुषार श्रीवास्तव, जूनियर में बादल, मास्टर में नरेन्द्र तिवारी, प्रदीप पटेल बने।महिला वर्ग में अनन्या, आस्था, प्रतीक्षा, आकृति, तुषीदास, मोही, धनुश्री, टीना, सीमा, सरस्वती तथा पुरुष वर्ग में यश, अरमान, वंश, दीपक, अंशुल, अश्वनी, अमित, अनूप, नीलेश, राजाबाबू, नरेन्द्र तिवारी, सोनू, प्रदीप, राहुल, मणी, कार्तिक, हिमांशु, प्रांजल, बादल, मो. शहनवाज, प्रेरित, डेनिम, आशीष, तुषार, अंकुर, अतुल, शिवा, अनुराग, जालरूस, निखिल का चयन किया गया। यह टीम 16 मईको इंदौर के लिए ओवर नाइट एक्सप्रेस से रवाना होगी।

# पाटन में चोरियों के विरोध में जनआक्रोश

**सैकड़ों नागरिकों ने थाने का किया घेराव**

**6 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम मानवेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा**



पाटन। नगर एवं ग्रामीण अंचलों में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं तथा पुलिस की कार्यप्रणाली के विरोध में बुधवार को पाटन नगर में जनआक्रोश खुलकर सड़कों पर दिखाई दिया। सैकड़ों नागरिकों ने एकजुट होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जुलूस निकाला तथा पाटन थाने का घेराव कर जोरदार नारेबाजी की। आंदोलन की शुरुआत मां सिद्धेश्वरी प्रांगण से हुई, जहां नगर के विभिन्न समाजों, संगठनों एवं चोरी की घटनाओं से पीड़ित परिवारों के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। इसके पश्चात सिविल कोर्ट चौराहे पर सभा आयोजित की गई, जिसमें नागरिकों ने अपने साथ हुई चोरी की घटनाओं एवं पुलिस की उदासीनता को खुलकर सामने रखा। वक्ताओं ने कहा कि लगातार हो रही वारदातों से नगरवासियों में भय और असुरक्षा का वातावरण निर्मित हो गया है। सभा के बाद सभी लोग पैदल जुलूस के रूप में पाटन थाने पहुंचे। वहां सर्वप्रथम हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तथा तत्पश्चात छह सूत्रीय मांगों को लेकर पाटन एसडीएम मानवेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही चोरियों पर अंकुश नहीं लगाया गया और अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने की मांग की गई। इसके साथ ही सिविल कोर्ट पाटन परिसर से चोरी हुई गाड़ी के चोरों की तत्काल गिरफ्तारी, नगर में प्रतिदिन हो रहे सड़क हादसों को रोकने हेतु भारी वाहनों की आवाजाही के लिए निश्चित समय सीमा तय करने, थाने में बिना भेदभाव सभी की एफआईआर दर्ज किए जाने तथा पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले पुलिस कर्मचारियों को तत्काल लाइन अटैच करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।

## वरिष्ठ स्वयंसेवक दादा असीम बनर्जी का देवलोक गमन



जबलपुर। श्री उत्तम जी बनर्जी (प्रांत कार्यवाह) के पिताश्री वरिष्ठ स्वयंसेवक दादा असीम बनर्जी जी निज निवास, बांधवगढ़ कॉलोनी में 95 वर्ष की आयु में ब्रह्मलीन हो गए। दादा जी का संपूर्ण जीवन सेवा, स्नेह, संस्कार एवं समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण रहा। वे वर्तमान में मातृछाया सतना के संरक्षक थे। उनका स्नेहमयी, अनुकरणीय एवं आत्मीय व्यक्तित्व सदैव हम सभी के हृदयों में स्मरणीय एवं प्रेरणादायी बना रहेगा। दादा जी की इच्छा अनुसार देहदान संपन्न किया जाना निश्चित हुआ है। उनका पार्थिव शरीर आज दोपहर 2:30 बजे निज निवास, बंधवगढ़ कॉलोनी से मेडिकल कॉलेज, सतना के लिए प्रस्थान करेगा। मेडिकल कॉलेज, सतना में अपरान्ह 3:00 बजे गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात सायं 6:00 बजे तक अंतिम दर्शन कर सकेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवारजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें।

**श्री सेवकराम चौरसिया-** पूजा रेसीडेंसी बृजमोहन नगर छापर रामपुर निवासी श्री सेवकराम चौरसिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंदा बाई कश्यप-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री जगन्नाथ कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा बाई कश्यप (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लोक बहादुर-** रिछाई नया मोहल्ला निवासी श्री पदम बहादुर के पुत्र श्री लोक बहादुर (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री मीना शर्मा-** कांचघर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री प्रभुदयाल शर्मा की पुत्री सुश्री मीना शर्मा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कौशल्या बैरागी-** इंद्रा नगर एलआईसी मदनमहल निवासी श्री चरण दास बैरागी की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बैरागी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रमोद कुमार शर्मा-** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कांचघर निवासी श्री प्रमोद कुमार शर्मा (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुलजीत कौर चौपड़ा-** गुडविल अपार्टमेट नेपियर टाउन निवासी श्री कीर्तन सिंह चौपड़ा की धर्मपत्नी श्रीमती कुलजीत कौर चौपड़ा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सविता गुजराती-** कुम्हार मोहल्ला लकडग़ंज टोरिया फूटाताल रोड निवासी श्री अशोक गुजराती की धर्मपत्नी श्रीमती सविता गुजराती (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश बर्मन-** ग्राम मुड़िया पनागर निवासी श्री रमेश बर्मन (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीवन साहू-** करियापाथर निवासी श्री जीवन साहू (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरपाल सिंह ठाकुर-** बड़ी खेरमाई नर्मदा मैदान के पास निवासी श्री हरपाल सिंह ठाकुर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उषा चौधरी-** भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री जगदीश चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती उषा चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राजकुमारी बाई विश्वकर्मा-** लालमाटी चांदमारी ओम कला मंदिर रोड निवासी श्री मोती लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी बाई




विश्वकर्मा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील चौधरी-** लालमाटी नटबाबा के पीछे निवासी श्री अमीरे चौधरी के पुत्र श्री सुनील चौधरी (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सागर चौधरी-** वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री राजू चौधरी के पुत्र श्री सागर चौधरी (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री मनोज यादव-** गोपाल होटल भगवती डेयरी के पास लालमाटी निवासी श्री मनोज यादव (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला ठाकुर-** छाया निवास फूटाताल निवासी श्री गुलाब सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती विमला ठाकुर (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जानकी ठाकुरः** श्रीमती जानकी ठाकुर, राजीव गाँधी नगर, महाराजा अग्रसेन वार्ड, काली मंदिर विजयनगर निवासी का 51 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे भगवान दास सिंह की पत्नी और शिवम ठाकुर, सत्यम सिंह की माँ थीं। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में संपन्न हुआ ।

**सुभाष चन्द्र हांडाः** 72 नयागांव निवासी सुभाष चन्द्र हांडा का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे जितेंद्र (बंटी) व हरीश (गोपी) हांडा के पिताजी थे। अंतिम यात्रा 14 मई को प्रातः 9 बजे निज निवास से हाथीताल मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
संपर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508291, 9407362100

## खबर संक्षेप

### पीएचई विभाग के संविलयन का विरोध

**भोपाल।** राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ के तत्वावधान में मंगलवार को संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री सचिवालय में अपर मुख्यसचिव नीरज मंडलोई से भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को संबोधित ज्ञापन सौंपकर प्रदेश की ग्रामीण पेयजल व्यवस्था पीएचई विभाग को बंद कर पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग को सौंपकर संविलयन किए जाने का विरोध किया। प्रतिनिधि मंडल में शील प्रताप सिंह पुंढीर, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री डॉ. देवीसिंह सनोडिया, कृष्णकांत मिश्रा, प्रणव खरे आदि उपस्थित रहे।

### गोल्डन इम्पैक्ट अचीवर अवॉर्ड्स' का तीसरा अध्याय होगा और भी बड़ा

**इंदौर।** समाज को बदलने वाले लोग हमेशा मंचों की रोशनी में ही नहीं मिलते। कई चेहरे ऐसे होते हैं, जो भीड़ का हिस्सा बनकर नहीं, बल्कि किसी की जिंदगी बदलकर अपनी पहचान बनाते हैं। ऐसे ही अनसुने और अनदेखे नायकों को पहचान देने वाली पहल 'गोल्डन इम्पैक्ट अचीवर अवॉर्ड्स' अब अपने तीसरे संस्करण के साथ एक बार फिर समाज में सकारात्मक बदलाव की नई गूंज के साथ लौट रही है। सतत विकास के लक्ष्यों को जनआंदोलन का रूप देने की दिशा में कार्यरत संस्था '2030 का भारत' द्वारा शुरू की गई इस पहल के पहले संस्करण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और भोजन की बर्बादी को रोकने तथा जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाने के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वाले 8 लोगों को सम्मानित किया गया था। इसके बाद दूसरे संस्करण में 15 को सम्मानित किया गया। तीसरे संस्करण में 21 ऐसे लोगों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने उपरोक्त तीनों क्षेत्रों में से किसी एक में असाधारण कार्य किए हैं। सबसे खास बात यह है कि अब तक 7 राज्यों तक सीमित रही यह पहल अब सम्पूर्ण भारत में अपने कदम बढ़ा रही है। यानि अब देश के किसी भी कोने में बैठा वह इंसान, जो शांत भाव से समाज में रंग भर रहा है, उसकी कहानी भी पूरे देश तक पहुंच सकेगी।

---

# गैस सिलेंडर फटने से मासूम बच्ची समेत चार लोगों की दर्दनाक मौत

**फायरब्रिगेड और प्रशासन पहुंचा मौके पर मची अफरा-तफरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के कुम्हारी इलाके में मंगलवार को गैस सिलेंडर ब्लास्ट से बड़ा हादसा हो गया। एक घर में अचानक सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद घर में भीषण आग लग गई।

आग इतनी तेजी से फैली कि पूरा मकान उसकी चपेट में आ गया और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में एक बच्ची समेत चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद लोग जान बचाने के लिए घरों से बाहर भागते नजर आए। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची।

### घटना का सीसीटीवी वीडियो भी आया सामने



घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि घर से पहले धुआं उठता दिखाई देता है। इसके कुछ ही देर बाद अचानक तेज धमाका होता है और घर में भीषण आग लग जाती है। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के लोग घबरा गए और अपने घरों से बाहर निकलकर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने शुरुआत में आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सिलेंडर ब्लास्ट और बढ़ती आग को देखकर लोग अपनी जान बचाने के लिए वहां से भागने लगे। हादसे के बाद पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया। इस भीषण हादसे में एक बच्ची सहित चार लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### मंत्री, सांसद सहित आला अधिकारी भी पहुंचे मौके पर

घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री गजेंद्र यादव और सांसद विजय बघेल मौके पर पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हादसे पर दुख जताया। हादसे के बाद भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री की ओर से मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की। वहीं जिला प्रशासन की ओर से भी 4-4 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया गया है। प्रशासन ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि गैस रिसाव के कारण सिलेंडर ब्लास्ट हुआ, हालांकि जांच के बाद ही हादसे की असली वजह साफ हो पाएगी। इस घटना के बाद कुम्हारी इलाके में लोग डरे हुए हैं। आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि धमाका इतना तेज था कि कई घरों तक उसकी आवाज पहुंची। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल बना हुआ है।

---

**नोट गिनने की मशीन, मोबाइल बरामद**

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के सबसे बड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा के सबसे बड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश करते हुए तीन प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से एक करोड़ रुपये से अधिक की नगदी रकम, नोट गिनने की मशीन और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस कार्रवाई से आरोपियों का ब्लैक मनी नेटवर्क भी ध्वस्त हुआ है। पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने बताया कि यह ऑनलाइन सट्टेबाजी केवल जुए तक सीमित नहीं थी। इसके जरिए करोड़ों रुपये के अवैध लेनदेन, ब्लैक मनी का संचालन और हवाला नेटवर्क सक्रिय था। पुलिस ने सट्टे से अर्जित अवैध धन को वैध बनाने के प्रमाण भी जुटाए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में करन चौधरी, पुष्कर अग्रवाल और सुनील अग्रवाल शामिल हैं। पुलिस ने कुल 1 करोड़ 3 लाख 86 हजार 300 रुपये की संपत्ति जब्त की है। इसमें 1 करोड़ 2 लाख 81 हजार 300 रुपये नकद शामिल हैं। 26 अप्रैल को साइबर सेल और थाना टीमों ने पहले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

---

**17 को मंत्रियों के साथ वन-टू-वन, 21 से विभागवार समीक्षा बैठकें भी करेंगे**

# मुख्यमंत्री आज 20 विभागों के 45 अहम मुद्दों पर करेंगे समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 मई गुरूवार को मंत्रालय में राज्य सरकार के 45 महत्वपूर्ण मुद्दों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। यह 45 मुद्दे 20 विभागों से जुड़े हैं। यह बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी। जो मंत्री मंत्रालय में मौजूद नहीं रहेंगे वे वर्चुअल माध्यम से जुड़कर शामिल होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, गृह, ग्रामीण और शहरी विकास, पेयजल, धार्मिक पर्यटन, औद्योगिक विकास समेत प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी।

मुख्यमंत्री जिन प्रमुख मुद्दों की समीक्षा करेंगे, उनमें ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि की मुफ्त रजिस्ट्री अभियान, ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था, नर्मदा समग्र मिशन, राम वन पथगमन और कृष्ण पाथेय परियोजना, महाकाल मंदिर की तर्ज पर अन्य मंदिरों में होमगार्ड व्यवस्था, प्रदेश में नए एयरपोर्ट विस्तार, अग्निवीरों को आरक्षण और मंत्रालय में बायोमीट्रिक उपस्थिति जैसे विषय शामिल हैं। इसके अलावा पीएम मित्र पार्क और औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास आईटीआई संस्थानों को रोजगार से जोड़ने पर भी चर्चा की जाएगी। सरकार का फोकस योजनाओं की प्रगति और जमीनी क्रियान्वयन की स्थिति जानने पर रहेगा।

### नई एवं पुरानी योजनाओं की प्रगति और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाएगी



फाइल फोटो

**विभागों को प्रस्तुति के लिए पर्याप्त समय मिलेगा**

डॉ. यादव 17 मई को मंत्रियों के साथ वन-टू-वन बैठक करेंगे। इसके बाद 21 मई से विभागवार समीक्षा बैठकें भी करेंगे। इन बैठकों में संबंधित मंत्री, अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्ष मौजूद रहेंगे। बैठक के दौरान महत्वपूर्ण मुद्दों व विभागों को अपनी प्रस्तुति के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा, ताकि योजनाओं की स्थिति और नई प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा हो सके। इन बैठकों में विभागों की नई योजनाओं, पुरानी योजनाओं की प्रगति और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाएगी। सरकार का उद्देश्य विभागों की कार्यक्षमता बढ़ाने और लंबित मामलों में तेजी लाना बताया जा रहा है।

### कैबिनेट विस्तार और बदलाव की अटकलें भी तेज

उधर, मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठकों के साथ मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक सरकार कुछ मंत्रियों के कामकाज और उनके क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा कर रही है। राजनीतिक स्तर पर यह भी चर्चा है कि आने वाले समय में मंत्रिमंडल में नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। जबकि विवाद में रहने वाले मंत्रियों को हटाया जा सकता है। हालांकि सरकार या संगठन की ओर से अभी तक किसी संभावित फेरबदल को लेकर आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। राजनीतिक हलकों में इसे लेकर लगातार अटकलें लगाई जा रही हैं। बताते हैं कि अधीकृत तौर पर एक मंत्री ने पहले ही लिखित रूप से दिया है कि वे मंत्री पद पर बने नहीं रहना चाहते। इसी तरह के कयास एक और मंत्री को लेकर भी है। सरकार में अभी 4 मंत्रियों के लिए जगह है। किंतु कुछ मंत्रियों से उनके परफारमेंस के आधार पर इस्तीफा लेने व कुछ नए विधायकों को मंत्री बनाने की तैयारी पर काम चल रहा है।

---

**खंडेलवाल ने ली भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति की बैठक**

# भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति की घोषणा, समय पर काम पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भवन निर्माण एवं संदृढ़ीकरण समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर जिन जिला कार्यालयों के भवनों का भूमिपूजन व निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है, उन्हें तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर पुराने जिला कार्यालयों को भी कार्यकर्ताओं की सुविधा के अनुरूप और व्यवस्थित किया जाए।

खंडेलवाल ने बैठक में भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति की भी घोषणा की है। खंडेलवाल ने पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता को भवन निर्माण एवं संदृढ़ीकरण समिति का संयोजक बनाया गया है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष, सीए अखिलेश जैन, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती एवं आर्किटेक्ट गौरव गर्ग को समिति का सदस्य बनाया गया है। उपरोक्त समिति कार्यालय निर्माण एवं उनके सुदृढ़ीकरण जैसे कार्यों के साथ कार्यालय में आवश्यक सुविधाओं का कार्य भी देखेंगे। समिति के सदस्य प्रभार वाले संभागों में नियमित प्रवास कर निर्माण कार्यों का अवलोकन करेंगे।

**भाजपा के निर्माणाधीन जिला कार्यालयों के कार्यों को लेकर भी हुई चर्चा**



बैठक में चर्चा करते भाजपा पदाधिकारी।

### समिति के पदाधिकारियों को सौंपा संभाग का प्रभार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भवन निर्माण एवं संदृढ़ीकरण समिति के संयोजक व सदस्यों को संबंधित कार्यों के लिए संभाग प्रभारी की भी जिम्मेदारी सौंपी है। समिति के संयोजक उमाशंकर गुप्ता को रीवा एवं शहडोल संभाग, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ को सागर व ग्वालियर संभाग, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी को भोपाल व नर्मदापुरम संभाग, प्रदेश कोषाध्यक्ष, सीए अखिलेश जैन को जबलपुर व छिंदवाड़ा एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती को इंदौर एवं उज्जैन संभाग का प्रभारी बनाया गया है।

---

**पुलिस ने इस मामले में गैस एजेंसी संचालक को भी दबोचा**

# डेढ़ करोड़ के घोटाले मामले में जिला खाद्य अधिकारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां जनता के राशन और ईंधन की सुरक्षा करने वाले जिला खाद्य अधिकारी (डीएफओ) अजय यादव को 1.5 करोड़ रुपये के एलपीजी घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस साजिश में यादव के साथ गैस एजेंसी संचालक पंकज चंद्राकर और रायपुर निवासी मनीष चौधरी को भी दबोचा है। मामला दिसंबर 2025 में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जब्त किए गए छह एलपीजी टैंकरों से जुड़ा है।

पुलिस जांच के अनुसार, 23 मार्च को अजय यादव और उसके साथियों ने इस गैस को बाजार में बेचने की प्लानिंग की। गर्मी के कारण सुरक्षा का हवाला देते हुए इन टैंकरों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने का कोर्ट से आदेश प्राप्त किया गया। 30 मार्च को टैंकरों को ठाकुर पेट्रोकेमिकल्स को सौंपा गया, लेकिन महज एक हफ्ते के भीतर 92 मीट्रिक टन गैस अवैध रूप से निकाल ली गई।



### आरोपियों ने चोरी छिपाने के लिए किए कई जतन

आरोपियों ने चोरी छिपाने के लिए फर्जी वजन रिकॉर्ड और जाली पंचनामा तैयार किया था। दिलचस्प बात यह है कि कई दस्तावेजों को तो टैंकरों के वजन होने से पहले ही तैयार कर लिया गया था। पुलिस ने तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से इस दावे को खारिज कर दिया कि गैस लीक हुई थी। कॉल रिकॉर्ड्स और वैज्ञानिक पूछताछ के बाद 40 सदस्यों वाली पुलिस टीम ने इस पूरे रैकेट को ध्वस्त कर दिया। इस डील में अधिकारी अजय यादव को 50 लाख रुपये मिलने वाले थे।

---

**रजगामार चौकी में दर्ज थी गुमशुदगी, पुलिस कर रही जांच**

# होली से लापता 45 साल के युवक का जंगल में मिला नरकंकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

रजगामार इलाके के दरगा गांव से लगे सुआपहाड़ जंगल में बुधवार को एक नर कंकाल पेड़ पर लुंगी से लटका दिखा। मृतक की पहचान दरगा निवासी 45 वर्षीय मान सिंह के रूप में हुई है। मान सिंह होली के बाद मार्च माह से लापता था, जिसकी गुमशुदगी रजगामार चौकी में दर्ज थी।

ग्रामीणों ने जंगल में कंकाल लटका देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। रजगामार चौकी प्रभारी विनोद सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों को भी घटनास्थल पर बुलाया गया, जिन्होंने कपड़ों और पास में पड़े सामान के आधार पर मान सिंह की शिनाख्त की। कंकाल पहाड़ पर करीब 25 किलोमीटर ऊपर घने जंगल में मिला था।

### खेती किसानी का काम करता था मान सिंह

परिजनों ने बताया कि मान सिंह खेती-किसानी का काम करता था और उसका पूरा परिवार साथ रहता था। होली के बाद अचानक लापता होने पर रिश्तेदारों और आसपास के गांवों में उसकी काफी तलाश की गई थी। कोई सुराग न मिलने पर परिजनों ने रजगामार चौकी में सूचना दी थी। पुलिस भी उसकी पतासाजी कर रही थी। कंकाल मिलने के बाद पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। इसके बाद आवश्यक पंचनामा की कार्रवाई पूरी की गई। मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया है। चौकी प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत कब, कैसे और किन परिस्थितियों में हुई,



यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। इस दुखद घटना के बाद से मान सिंह के घर में मातम पसरा हुआ है। उसकी पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि मान सिंह मिलनसार स्वभाव का व्यक्ति था। उसकी किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं थी। अचानक लापता होने और अब कंकाल मिलने से गांव में कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर सभी बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है।

---

**तेज रफ्तार वाहनों के टकराने से हुए हादसे**

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो ग्रामीणों की मौत, 5 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो ग्रामीणों की मौत हो गई है। इन हादसों में पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। तेज रफ्तार कारों के अनियंत्रित होने से ये घटनाएं हुईं, जिसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना सक्ती जिले के कर्रापाली अडभार के पांच ग्रामीणों के साथ हुई। कन्हैया लाल बंजारे (50 साल), अंजली बंजारे (22 साल), ललिता बंजारे (45 साल), भास्कर बंजारे (12 साल) और बसंत बघेल (13 साल) अंबिकापुर से अपने गांव लौट रहे थे। तड़के करीब 3 बजे खरसिया क्षेत्र के ग्राम देहजरी के पास कार चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। कार सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार चला रहे कन्हैया लाल बंजारे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। चार अन्य ग्रामीण घायल हुए हैं। पुलिस ने मृतक के शव को अस्पताल भेजा। घायलों को खरसिया के निजी अस्पताल और रायगढ़ चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**डिवाइडरसे टकराया अनियंत्रित वाहन :** इसी तरह की दूसरी घटना में राधेश्याम भारतेंदु ने धरमजयगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उनके जीजा शिवकुमार आजाद ने बताया कि ग्राम ईला से महेश कुमार भारतेंदु, चंद्रकांत अजगल्ले के साथ छतराम भारतेंदु को रायपुर ले जाया जा रहा था। रात करीब 12 बजे मिरीगुड़ा पुलिया के पास कार चालक चंद्रकांत अजगल्ले ने नियंत्रण खो दिया और वाहन डिवाइडर से जा टकराया। इस दुर्घटना में छतराम भारतेंदु की सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई।

---

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने ढोढन बांध क्षेत्र में आंदोलनरत विस्थापित आदिवासी और किसान परिवारों से मुलाकात कर सुनीं समस्याएं**

# सरकार परियोजना प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और सम्मानजनक पुनर्वास देने में विफलः जीतू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीतू पटवारी मंगलवार को केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत बनने वाले ढोढन बांध क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने आंदोलनरत विस्थापित आदिवासी और किसान परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार और प्रशासन पर आदिवासियों की आवाज दबाने तथा विपक्ष को रोकने के आरोप लगाए। पटवारी भारी पुलिस बंदोबस्त और प्रशासनिक रोक-टोक के बीच कांग्रेस नेताओं के साथ प्रभावित गांवों तक पहुंचे। प्रशासन ने बैरिकेडिंग कर उनके काफिले को रोकने की कोशिश की।

वन विभाग के अधिकारियों ने उन्हें जंगल क्षेत्र में जाने से रोकते हुए तर्क दिया कि उनके प्रवेश से वन्यजीव प्रभावित हो सकते हैं। इस पर पटवारी ने कहा कि जहां बड़े पैमाने पर मशीनें, निर्माण कार्य और सैकड़ों मजदूर लगातार काम कर रहे हैं, वहां विपक्षी नेताओं को पीड़ित आदिवासियों से मिलने से रोकना पूरी तरह अलोकतांत्रिक रवैया है।

**केन-बेतवा परियोजनाः विस्थापित आदिवासियों से मिलने पहुंचे पटवारी**

### निर्माण कार्यो पर सवाल

पटवारी ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार के निर्देश पर उन्हें प्रभावित परिवारों से मिलने से रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। उन्होंने प्रशासन द्वारा दिए गए इस तर्क पर भी सवाल उठाया कि उनके दौरे से बाघ, चीते और हाथी परेशान होंगे। उन्होंने कहा कि यदि जंगल और वन्यजीवों की इतनी चिंता है तो फिर बड़े स्तर पर चल रहे निर्माण कार्यों को क्यों नहीं रोका जा रहा।





आंदोलन कर रहे लोगों से चर्चा करते पटवारी।

### यह जल, जंगल, जमीन, संस्कृति और सम्मान की लड़ाईः पटवारी

पटवारी ने कहा कि यह लड़ाई केवल जमीन अधिग्रहण की नहीं, बल्कि आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन, संस्कृति और सम्मान की लड़ाई है। पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार परियोजना प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और सम्मानजनक पुनर्वास देने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि केवल कागजी मुआवजा देकर आदिवासी परिवारों का भविष्य सुरक्षित नहीं किया जा सकता। संविधान और प्राकृतिक न्याय की भावना कहती है कि जिन परिवारों की जमीन और जंगल छीने जाएं, उन्हें जमीन के बदले जमीन और सम्मानजनक पुनर्वास मिलना चाहिए।

**सागर में मृतक युवकों के परिवारों से मिलकर पटवारी ने जताई शोक संवेदनाएं**



पीड़ित परिजनों को सात्वना देते पटवारी।

**भोपाल।** प्रदेश में शराब माफिया ने सागर में दो युवाओं, सूरज अहिरवार एवं नीरज प्रजापति की निर्मम हत्या कर दी। मंगलवार को जीतू पटवारी सागर में उनके निवास पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। इसके साथ ही दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की एवं दुख की इस घड़ी में परिवार को संबल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब भाजपा राज नहीं, जंगलराज चल रहा है। अपराधियों और माफिया के हौसले बुलंद हैं और सरकार की नाकामी निर्दोष लोगों की जान ले रही है।



मृतक युवक को श्रद्धांजलि देते पटवारी।

# 30 मई से श्रीधाम एक्सप्रेस एलएचबी रैक के साथ दौड़ेगी

## यात्रियों को मिलेगी 1128 बर्थ की सुविधा



**जबलपुर।** भारतीय रेलवे यात्रियों को बेहतर सुरक्षा, अधिक आरामदायक यात्रा एवं उन्नत परिचालन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में यात्री सुविधाओं के विस्तार हेतु अधिक से अधिक रेलगाड़ियों में आधुनिक लिंक हॉफमैन बुश (एलएचबी) कोच लगाए जा रहे हैं।पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट एवं गुजरने वाली जबलपुर-निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस के रेक को रेल प्रशासन द्वारा आईसीएफ से एलएचबी रैक में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है। एलएचबी रैक से संचालित ट्रेन की जानकारी इस प्रकार है- प्रारंभिक तिथि से एलएचबी कोच में परिवर्तित-गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से दिनाँक 30 मई 2026 से एलएचबी रैक से चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12191 निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन निजामुद्दीन से दिनाँक 31 मई 2026 से एलएचबी रैक से चलेगी।परिवर्तित कोच कंपोजीशन- इस ट्रेन में एक वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, दो वातानुकूलित द्वितीय, पांच वातानुकूलित तृतीय, एक वातानुकूलित तृतीय इकॉनमी, 07 स्लीपर, 04 सामान्य श्रेणी, एक एसएलआरडी एवं एक जनरेटर कार सहित कुल 22 एलएचबी कोच रहेंगे।एलएचबी कोच लगने से ट्रेन में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 24 बर्थ, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 104 बर्थ, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 360 बर्थ, वातानुकूलित तृतीय इकॉनमी श्रेणी में 80 बर्थ, स्लीपर में 560 बर्थ सहित आरक्षित कुल 1128 बर्थ उपलब्ध होगी।उल्लेखनीय है कि एलएचबी कोच पारंपरिक आईसीएफ कोचों की तुलना में अधिक सुरक्षित, आरामदायक एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त होते हैं। उच्च गति पर संचालन क्षमता, हल्के वजन एवं उन्नत डिज़ाइन के कारण ये कोच यात्रियों को अधिक सहज, सुरक्षित और सुखद यात्रा अनुभव प्रदान करते हैं।

### अप्रैल माह में गुड्स ट्रैफिक से 481 करोड़ रूपये का ओरजिनेटिंग रेवन्यू अर्जित किया

पश्चिम मध्य रेल में जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के माल यातायात में निरंतर वृद्धि हो रही है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पश्चिम मध्य रेल ने माह अप्रैल 2026 में 480 करोड़ 82 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया है। इसी प्रकार मण्डल वाइस बात करें तो माह अप्रैल 2026 में जबलपुर मण्डल ने रूपये 341 करोड़ 90 लाख, भोपाल मण्डल ने 65 करोड़ 86 लाख एवं कोटा मण्डल ने रूपये 73 करोड़ 06 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेलवे ने संपूर्ण वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रूपये 6080 करोड़ का ओरिजिनेटिंग राजस्व प्राप्त किया था, जो वर्ष 2024-25 की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक था तथा रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य 5487 करोड़ 18 लाख रूपये ऑरिजनेटिंग रेवन्यू से लगभग 11 प्रतिशत अधिक था। यह उल्लेखनीय बढ़ोतरी सतत मॉनिटरिंग एवं वाणिज्य तथा परिचालन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

### माल यातायात के लिए प्रयास किये जा रहे हैं अथक प्रयास

मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी बढ़ाया। साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए गए। गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल/ साइडिंग को बढ़ाने का निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया। इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई। माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएँ शुरू की गईं।



# कचहरी दरगाह में आज कुल शरीफ महफिले रंग और लंगर-ए-आम का आयोजन

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के सामने स्थित हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा दरगाह में चल रहे उर्स शरीफ के अंतिम दिन बुधवार को कुल शरीफ का आयोजन किया जाएगा। बाद नमाज़-ए- जुहर दोपहर 3 बजे महफिले रंग का आगाज़ होगा, जिसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अकीदतमंद शिरकत करेंगे।उर्स के इस मुबारक मौके पर जबलपुर के मशहूर कव्वालों द्वारा सूफियाना कलाम पेश किए जाएंगे। कुल शरीफ की फातिहा के बाद लंगर-ए-आम तक़सीम किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज से आए जायरीन और स्थानीय लोग शामिल होंगे।इस अवसर पर देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं भी मांगी जाएंगी।दरगाह के सज्जादानशीन बाबर खान बंदानवाजी एवं खादिम-ए-आला चंगेज खान अशरफी ने शहर की तमाम खानकाहों से जुड़े सूफी हज़रतों और अकीदतमंदों से इस मुबारक महफिल में शिरकत कर सवाबे दारैन हासिल करने की अपील की है।

# भारतीय शैली कुश्ती टीम हिन्द केशरी कुश्ती स्पर्धा में भाग लेने के लिए रवाना



**जबलपुर।** 52वीं हिन्द केशरी कुश्ती स्पर्धा एवं सीनियर/महिला राष्ट्रीय कुश्ती स्पर्धा दिनाँक 14 से 17 मई तक, सतारा महाराष्ट्र के छत्रपति साहू स्टेडियम में भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के तत्वावधान में विभिन्न भार वर्गों में आयोजित की गई है। हमारे देश की परम्परागत कुश्ती जो कि मिट्टी में खेली जाती है, जिसको यूनाईटेड वर्ल्ड रेसलिंग की ओर से मान्यता दी जा चुकी है, इस कुश्ती स्पर्धा में टाईटल के अलावा विभिन्न भार वजनों में भी स्पर्धा होगी, जिसमें हिन्द केशरी का खिताब जीतने वाले को महेन्द्रा थार गाड़ी एवं सात किलो चाँदी का गदा प्रदान किया जायेगा। साथ ही महिला केशरी टाईटल में ऑल्टो कार, और चाँदी का गदा भी प्रदान किया जायेगा। साथ ही विभिन्न भार वर्गों में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान वाले पहलवान को बुलट गाड़ी प्रदान की जायेगी, इसी प्रकार महिला के विभिन्न वर्गों में एक्टीवा गाड़ी प्रदान की जायेगी और द्वितीय वाले को 50,000/- रू. की नगद राशि एवं तृतीय वाले को 20,000/- रू. की नगद राशि प्रदान की जायेगी। यह कुश्ती स्पर्धा देश में आज तक हुई स्पर्धा में सबसे अधिक ईनाम वाली स्पर्धा है। इस पूरी स्पर्धा में लगभग 93,00,000/- रू. की ईनाम राशि रखी गई है। मध्यप्रदेश भारतीय शैली कुश्ती संघ के द्वारा नवम्बर में आयोजित सागर में चयन ट्रायल के आधार पर खिलाड़ियों की घोषणा संघ के महासचिव अर्जुन यादव के द्वारा की गई है। पुरूष वर्ग में 55 किलो भार वर्ग में धर्म पह. कटनी, 60 किलो में रवि पह. कटनी, 65 किलो में ललित पह. इंदौर, 70 किलो में करन पह. जबलपुर, 75 किलो में कमल पह. इंदौर, 80 किलो में अक्षय पह. जबलपुर, 85 किलो में सत्यम पह. जबलपुर, इसी प्रकार टाईटल में चेतन पह. जबलपुर, शुभम पह. कटनी, प्रिंस पह. जबलपुर, मुदस्सर पह. इंदौर। इसी प्रकार महिला वर्ग 48 किलो में कु. माधुरी पह. कटनी, 52 किलो में कु. लक्ष्मी पह. इंदौर, 56 किलो में कु. गुनगुन पह. कटनी, 62 किलो में कु. सोनम पह. जबलपुर, टाईटल में कु. संजना पह. इंदौर, कु. पवी पह. जबलपुर। टीम के मैनेजर होंगे राकेश यादव, कोच होंगे अरूण चंद्रवंशी। उक्त अवसर पर पहलवानों को शुभकानाएँ देने के लिए किशोरी सिंह लोधी, जयवीर सिंह, देवेन्द्र उपाध्याय, दिनेश खलीफा, विनय प्रजापति, अनिल खलीफा, प्रवीण धनगर, नर्बद खलीफा, विनोद चक्रवर्ती, जगदीश माझी, प्रवीण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर, घरेलू गैस, डीजल, पेट्रोल के दाम बढ़ाने के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा




**जबलपुर।** घंटाघर में बहुजन मुक्ति पार्टी, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, भारत मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर लगातार बढ़ रहे LPg गैस, डीजल, पेट्रोल के रेट, ईवीएम से हो रही वोट चोरी से बनी सरकार जनता के घर जबरन स्मार्ट मीटर लगाकर नागरिकों के नोट की चोरी कर रही है, स्मार्ट मीटर की चोरी चेक मीटर में पकड़े जाने के बाद भी भारत में रिकॉर्ड स्मार्ट मीटर लगाकर मीटर में लगी जीपीएस लोकेशन डिवाइस से विदेशी कंपनियों को जानकारी भेजने की खबर आने से देश के नागरिकों की निजता के अधिकार का उल्लंघन होने का खतरे के साथ साथ लगातार बढ़ती डिजिटल आइडेंटिफिकेशन से देश के नागरिकों को गुलाम बनाने का षडयंत्र के विरोध में कार्यकर्ताओं ने लगातार नारे लगाते हुए ज्ञापन के साथ साथ एक लालटेन भी जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को दिया। पाषाण युग की तरफ जनता को धकेला जा रहा तो आगे 20 मई को कलेक्टर कार्यालय के सामने लकड़ी के माध्यम से चूल्हे जलाकर खिचड़ी बनाकर कलेक्टर को खिलाकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ऐसा इंजी. प्रवीण गजभिए, रामराज पटेल, रमन पटेल, राजेश्वरी पटेल, एड. परमानंद साहू, एड. मधुसूदन कुर्मी, एड. विनय भगत, विवेक दहिया, विषई सिंग टेमर, एड. रविकांत भगत , राहुल बौद्ध, एड. राजेंद्र सिंह, नीरज वाल्मीकि आदि ने कहा।




# पुलिस अधिकारी गोपाल खाण्डेल को मिला के.एफ. रूस्तमजी पुरस्कार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी गोपाल प्रसाद खाण्डेल, तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जिला जबलपुर एवं हाल ही सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक, पीटीएस सागर को भोपाल में उनके उत्कृष्ट कार्य निष्पादन, अनुशासित सेवा और उच्च स्तरीय व्यावसायिक दक्षता के लिए प्रतिष्ठित "के.एफ. रूस्तमजी पुरस्कार" से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें वर्ष 2021-22 की अति विशिष्ट श्रेणी में प्रदान किया गया। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रमाण-पत्र में उनके कर्तव्य पालन, नेतृत्व क्षमता और पुलिस सेवा में उल्लेखनीय योगदान की सराहना की गई है। मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा, भा.पु.से. द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया। श्री खाण्डेल ने जबलपुर शहर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य करते हुए कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। वहीं पीटीएस सागर में पुलिस अधीक्षक के रूप में उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में भी विशेष योगदान दिया।

**CHANGED OF NAME**

I, WAS KNOWN AS ABDUL MALIK I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **ABDUL MALIK ANSARI** S/O MUSTAQ AHMAD ANSARI RESIDENT OF- 444/1 PARVEEN PARSHAD KI GALI, BEHI SINGH KI TALAIYA, ASHFAQULLA KHAN WARD, JABALPUR (M.P.) 482001.



# सेवानिवृत डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की नई कार्यकारिणी गठित

**जबलपुर।** सेवानिवृत्ति डिप्लोमा इंजीनियर संघ जिला समिति जबलपुर के अध्यक्ष इंजी. एसके खरे न घा वि वि, सचिव इंजी. सतीश राय लो नि वि, कोषाध्यक्ष इंजी. देवेंद्र गोटिया जल सं वि, द्वारा सर्वसम्मति से संघ के नियमानुसार जिला समिति जबलपुर की कार्यकारिणी का गठन, मनोनयन प्रांताध्यक्ष इंजी. उमेश दुबे एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष इंजी. आरपी चौबे की सहमति से किया गया, उपाध्यक्ष इंजी. भानु श्रीवास्तव, इंजी. एबी शर्मा, इंजी. जी.पी. चढार, सहसचिव इंजी. राजेंद्र गुप्ता, इंजी. राकेश नामदेव, इंजी. शैलेंद्र श्रीवास्तव, इंजी. प्रसन्न विश्वकर्मा, कार्यकारिणी सदस्य इंजी. पी.के. जैन, इंजी. विजय सिंह राजपूत, इंजी. आनंद मंगल तिवारी, इंजी. संतोष शर्मा, इंजी. प्रकाश चंद साहू, इंजी. पी.सी. स्वर्णकार, इंज. आर आर खान, विशेष आमंत्रित सदस्य इंजी के. पी. ब्रिजपुरिया, इंजी पी एस राजपूत, इंजी एस.एन. नेमा, इंजी. एन.एल. सोनी, इंजी. हरिदास साहू का मनोनयन किया गया। जिला अध्यक्ष एस.के. खरे ने सभी पदाधिकारी से निवेदन किया कि वह अपने साथी सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क में रहें साथ ही उनकी निजी एवं शासकीय समस्या के समाधान का जल्द ही निराकरण में पूरा सहयोग दें।



# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा महानगर की हुई बैठक

**जबलपुर।** प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी संभागीय कार्यालय रानीताल में जिला भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष संभाग प्रभारी राम पटेल एवं सह प्रभारी धनेश धनंजय द्वारा आगामी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की योजनाओं एवं कार्यक्रम को लेकर एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की आगामी कार्ययोजनाओं को घर-घर पहुंचने का संकल्प दोहराया गया। बैठक में उपस्थित पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री, उपाध्यक्ष जिला महामंत्री, जिला मंत्री, मीडिया प्रभारी, सह मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी, सह सोशल मीडिया, विधानसभा प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।

## दिव्या गुप्ता का सुयश



**जबलपुर।** दीपक एवं दीपाली गुप्ता की पुत्री, रॉयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा दिव्या गुप्ता ने बोर्ड परीक्षा में 93.8% अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

# जबलपुर की बिटिया सान्वी प्यासी ने सी.बी.एस.ई. 12वीं में लहराया परचम

## हासिल किए 96.8 प्रतिशत अंक



**जबलपुर।** संस्कारधानी की होनहार छात्रा सान्वी प्यासी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) की कक्षा 12वीं की परीक्षा में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शहर और अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। क्राइस्ट चर्च सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नॉर्थ सिविल लाइंस की छात्रा सान्वी ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सान्वी, संजय प्यासी और प्रीति प्यासी की सुपुत्री हैं। उनके माता-पिता ने सान्वी की पढ़ाई के प्रति उनकी लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि सान्वी ने शुरू से ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया था, जिसका परिणाम आज सबके सामने है।

### असाधारण शैक्षणिक उपलब्धि

सान्वी ने मनोविज्ञान (Psychology) में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं, जो उनकी विषय पर गहरी पकड़ को दर्शाता है। उन्होंने लगभग सभी विषयों में 96.8 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्होंने इंग्लिस कोर में 98, हिस्ट्री में 95, पॉलीटिकल साइंस में 95 एवं इकनोमिक में 96 अंक प्राप्त किये।

### कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम

सान्वी की इस सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि शिक्षा जगत में भी उनकी सराहना की जा रही है। सान्वी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन और माता-पिता के निरंतर सहयोग को दिया है।

सान्वी की यह सफलता जबलपुर के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है, जो यह साबित करती है कि एकाग्रता और सही दिशा में किए गए प्रयास हमेशा सुखद परिणाम लाते हैं। सान्वी के उज्जवल भविष्य के लिए परिवार, कुटुम्बजन एवं मित्रों आदि ने ढेरों शुभकामनाएँ दी हैं।

**नाम सुधार सूचना**

मै सुबोध निगम पिता श्री ओंकार प्रसाद निगम उम्र लगभग 48 वर्ष निवासी- प्लाट नं. 163/2/3 पी.एच.ई कालोनी, सतपुडा अवेन्यू के पीछे, संजीवनी नगर गढा जिला जबलपुर म.प्र शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हू कि-1.यह कि मै उक्त पते का निवासी हू। 2.यह कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम सुबोध निगम दर्ज है। 3.यह कि मेरी मार्कशीट में मेरा नाम सुबोध कुमार निगम दर्ज है। 4.यह कि मेरे द्वारा अपना पासपोर्ट बनवाये जाने हेतु आवेदन किया जा रहा है जिसमें मेरे द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किये जा रहे हैं चूंकि मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम सुबोध निगम एवं कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम सुबोध कुमार निगम दर्ज है उपरोक्त दोनों ही मेरे ही नाम हैं जिस बावत यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 12 , घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं.सं.अधि./सं.क्र.12/2026-27/एम-01
दिनांक :- 13/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कांति गुप्ता पति श्री श्याम लाल गुप्ता ने मकान नं. 375 वार्ड महर्षि अरविन्द कुल क्षेत्रफल 1054 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 2108 व.फु., भूतल 1054 व.फु., प्रथम तल 1054 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.12 घंटाघर**
**नगर निगम, जबलपुर**

# बिजली उपभोक्ताओं को अब मिलेगी बेहतर और स्थिर बिजली

## जबलपुर डिस्कॉम ने लागू की नई पावर क्वालिटी मॉनिटरिंग व्यवस्था



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (MPP-KVVCL) द्वारा उच्च दाब (HT/EHT) बिजली उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, स्थिर एवं बाधारहित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नई पावर क्वालिटी मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू की गई है।

नई व्यवस्था के तहत अब HT/EHT उपभोक्ताओं के परिसरों में विशेष पावर क्वालिटी (PQ) मीटर लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। इससे वोल्टेज उतार-चढ़ाव, बार-बार ट्रिपिंग, फ्रीक्वेंसी असंतुलन एवं अन्य तकनीकी समस्याओं की समय रहते पहचान कर सुधार किया जा सकेगा।

### उपभोक्ताओं को होगा सीधे लाभ

नई व्यवस्था लागू होने से उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति, वोल्टेज उतार-चढ़ाव में कमी, मशीनों एवं उपकरणों की बेहतर सुरक्षा, बार-बार ट्रिपिंग एवं तकनीकी व्यवधानों में कमी, शिकायतों के त्वरित समाधान में सहायता जैसे महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होंगे।

### डिजिटल मॉनिटरिंग से बढ़ेगी पारदर्शिता

डिस्कॉम द्वारा डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम एवं विशेष डैशबोर्ड विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता की लगातार निगरानी की जाएगी। इससे तकनीकी समस्याओं की शीघ्र पहचान कर समय पर सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

### उपभोक्ता हित सर्वोच्च प्राथमिकता

डिस्कॉम ने स्पष्ट किया है कि पावर क्वालिटी सुधार की यह पहल उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नई व्यवस्था से न केवल बिजली आपूर्ति अधिक विश्वसनीय बनेगी, बल्कि विद्युत प्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही भी बढ़ेगी। यह पहल विशेष रूप से औद्योगिक एवं बड़े वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी मानी जा रही है, जहां निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति अत्यंत आवश्यक होता है।



# मातृ दिवस पर नेत्रहीन बालिकाओं संग खुशियां बांटी

**जबलपुर।** मातृ दिवस के अवसर पर जबलपुर स्थित अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन संस्था द्वारा ज्ञानदीप स्पर्श ब्लाइंड स्कूल में भावनात्मक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संस्था के अध्यक्ष मयूर सिंघवी ने दुनिया की सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए माँ को 'जगत जननी' बताया और उनके त्याग, प्रेम एवं पालन-पोषण के योगदान को नमन किया। इस दौरान नेत्रहीन बच्चों द्वारा प्रस्तुत भजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। मयूर सिंघवी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें देश का भविष्य और राष्ट्र निर्माता बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र संत डॉ. मणिभद्र मुनि की प्रेरणा से स्थापित संस्था शिक्षा, चिकित्सा और पर्यावरण के क्षेत्र में बिना किसी संप्रदायवाद के लगातार सेवा कार्य कर रही है तथा जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई और चिकित्सा में सहयोग करती है। कार्यक्रम में संस्था द्वारा नेत्रहीन बालिकाओं को उपहार वितरित कर मातृ दिवस की खुशियां साझा की गईं। इस अवसर पर पूर्व महापौर सुशीला सिंह, पूर्व पार्षद शेरू पाल, कोमल जैन सहित निर्मल चोपड़ा, एच.एल. वर्मा और संस्था के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलंपुर**
क्रमांक- का. सेल / 2026-27/69
दिनांक -13.05.2026 **सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संभाग क्रमांक-15 वार्ड क्रमांक- 72 (दादा ठनठनपाल वार्ड) अंतर्गत मौजा/ग्राम औरिया प.ह.नं. 73 खसरा नंबर 434 कुल रकबा 1.4800 हेक्टेयर में से 1.357534 हेक्टेयर(13575.34 वर्गमीटर)पर आवासीय भूखंडीय(POONAM GREENS)की अनुमति हेतु विकासकर्ता/ कॉलोनाईजर मेसर्स ओन्टल रियलिटी पार्टनर श्री ब्रजेश सोहाने पिता स्व. श्री रमेशचन्द्र सोहाने पता- 941/पी4, कमलाक्ष पेट्रोल पंप के पास, नेपियर टाउन, जबलपुर म.प्र. द्वारा कॉलोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यो के विरूद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है- बंधक सम्पत्ति का विवरण- भूखंड क्रमांक- 17, 18, 59, 60, 61 कुल 05 नग कुल क्षेत्रफल 600.17 वर्गमीटर। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति/ भूखंडों का क्रय विक्रय कॉलोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एवं बंधक मुक्ति करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कॉलोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता हैं।

**प्रभारी कालोनी सेल**
**नगर पालिक निगम, जबलपुर**

In The Court Of VI Additional District and Session Judge,District Court, Jabalpur Presiding Officer:किशोर कुमार मिश्रा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS HM/0000048/2026)
बसंत कुमार प्रजापति.....................वादी
Vs
श्रीमति पिंकी बाई प्रजापति ............प्रतिवादी
Process Id-/2026 पेशी दिनांक :- 30/06/2026
प्रेषिती-(1) श्रीमति पिंकी बाई प्रजापति पति बसंत कुमार प्रजापति पता- द्वारा पिता बसोरी लाल प्रजापति सूरतलाई मंगेला थाना माढोताल जिला जबलपुर मप्र

यह कि प्रार्थी बसंत कुमार प्रजापति ने आपके विरूद्ध आर सी एस एच एम आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13 1 आई 13 1 आई ए हिंदु विवाह अधिनियम 1955 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 06 May 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुद्रा
न्यायाधीश (के.के.मिश्रा)
जिला न्यायाधीश (षष्टम) जबलपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे :- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।